CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 12 रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# मोदी के भाषण से पहले लोकसभा में भारी बवाल 'भ्रष्ट' वाले पोस्टर पर विपक्ष–सत्तापक्ष में टकराव

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (न्यूज चैनल)। लोकसभा की कार्यवाही विपक्षी सदस्यों द्वारा बजट सत्र के दौरान एक दिन पहले आठ विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में भारी नारेबाजी के बीच स्थगित कर दी गई। सत्र दोपहर 12 बजे पुन: शुरू होगा। निलंबित विपक्षी सांसद संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए देखे गए, जिनके हाथों में 'प्रधानमंत्री भ्रष्ट हैं' लिखे पोस्टर थे। विपक्ष के विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर मीडिया से बात करते हुए यही आरोप लगाया था। निलंबित सांसदों में कांग्रेस सदस्य हिबी ईडन, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिकम टैगोर, गुरजीत सिंह औजला, प्रशांत यदाओराव पाडोले, चमाला किरण कुमार रेड्डी और डीन कुरियाकोस के साथ–साथ सीपीआई (एम) सांसद एस वेंकटेशन भी शामिल हैं।



इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देना था। समाजवादी पार्टी (एसपी) के सांसद आनंद भदौरिया ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा कि वे उन लोगों की आवाज हैं जिन्होंने भाजपा के खिलाफ वोट दिया था। उन्होंने सत्ताधारी पार्टी पर संसद में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे उठाए जाने पर हंगामा करके विपक्ष को चुप कराने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। एएनआई से बात करते हुए भदौरिया ने कहा, राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। वे उन सभी की आवाज हैं जिन्होंने भाजपा के खिलाफ वोट दिया था। अगर वे संसद में राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित किसी मुद्दे पर जनता की आवाज उठाना चाहते हैं, तो भाजपा और सत्ता पक्ष को इतना हंगामा नहीं करना चाहिए... यह विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिश है। अगर सच्चाई देश की जनता के सामने आ जाती है, तो भाजपा को लगता है कि विश्वगुरु की उसकी तथाकथित छवि को ठेस पहुंचेगी। देश सुरक्षित हाथों में नहीं है और जनता को सच्चाई पता चल जाएगी। इसलिए भाजपा घबराई हुई है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ 2020 के गतिरोध का विशेष रूप से उल्लेख करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अड़े रहने के बाद सदन में हुए हंगामे के चलते आठ विपक्षी सदस्यों को नियमों का उल्लंघन करने और 'कुर्सी पर कागज फेंकने' के आरोप में लोकसभा से शेष बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। एक दिन पहले, राहुल गांधी ने कहा था कि वे पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के संस्मरणों से संबंधित किसी पत्रिका लेख का उल्लेख नहीं करेंगे, लेकिन कैलाश रेंज गतिरोध के दौरान चीनी कार्रवाई के बारे में सदन में संक्षेप में बोलेंगे। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया कि राहुल गांधी किसी अप्रकाशित संस्मरण या उस पर आधारित पत्रिका लेख का उद्धरण नहीं दे सकते। अध्यक्ष ने उन्हें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना भाषण फिर से शुरू करने और पहले दिए गए निर्णय का पालन करने का निर्देश दिया।

## भाजपा में गए रवनीत बिट्टू को राहुल गांधी ने कहा 'गद्दार' मिला 'देश का दुश्मन' वाला जवाब



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच बुधवार को संसद के बाहर तीखी बहस हुई, जिसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिट्टू को गद्दार तक कह दिया। संसद के मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के पास से गुजरते हुए राहुल गांधी ने रवनीत बिट्टू को गद्दार कहा। राहुल गांधी का यह गद्दार वाला बयान तब आया जब रवनीत बिट्टू ने 2024 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने का फैसला किया था। गांधी ने कहा कि देखो, एक गद्दार मेरे सामने से गुजर रहा है। उसका चेहरा देखो। कांग्रेस नेता ने उनसे हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा कि नमस्ते भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, तुम वापस (कांग्रेस में) आओगे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने हाथ मिलाने से इनकार कर दिया और राहुल गांधी को देश के दुश्मन कहा। यह तीखी बहस तब शुरू हुई जब रवनीत बिट्टू ने विरोध कर रहे सांसदों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ये ऐसे बैठे हैं जैसे इन्होंने कोई युद्ध जीत लिया हो। आज सुबह, बजट सत्र के दौरान एक दिन पहले आठ विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्षी सदस्यों द्वारा जोरदार नारेबाजी के बीच लोकसभा को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

# 66 उप अभियंताओं की नियुक्तियां निरस्त

**बिलासपुर,** 4 फरवरी (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट ने ग्रामीण अभियांत्रिक सेवा में नियुक्त 66 उप अभियंताओं (सिविल) की नियुक्तियों को अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया है और कहा है कि भर्ती प्रक्रिया वैधानिक नियमों के विपरीत की गई थी। मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डीबी ने फैसला सुनाया है।



## हाईकोर्ट ने कहा- नियमों के विरुद्ध भर्ती नहीं हो सकती वैध

याचिकाकर्ता रवि तिवारी ने अधिवक्ता शाल्विक तिवारी के माध्यम से ग्रामीण अभियांत्रिक सेवा वर्ष 2011 की भर्ती प्रक्रिया की वैधता को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया की वैधता की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि विज्ञापन के अनुसार अभ्यर्थियों के पास कट-ऑफ तिथि तक निर्धारित शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य था, जबकि कई नियुक्त अभ्यर्थियों ने आवश्यक डिग्री अथवा डिप्लोमा बाद में प्राप्त किया, जिससे उनकी नियुक्तियाँ प्रारंभ से ही अवैध हो गईं। न्यायालय ने यह भी पाया कि जहां केवल 275 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, वहीं उससे अधिक पदों पर नियुक्तियां की गईं, जो सेवा कानून के स्थापित सिद्धांतों के विपरीत है। मामले की सुनवाई के दौरान यह आग्रह भी किया गया कि नियुक्त अभ्यर्थियों ने लगभग 14 वर्षों की सेवा पूरी कर ली है, इसलिए उनके मामलों में सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाए। न्यायालय ने इस दलील को अस्वीकार करते हुए कहा कि लंबी सेवा अवधि किसी अवैध नियुक्ति को वैध नहीं बना सकती और न ही सहानुभूति के आधार पर वैधानिक शर्तों से समझौता किया जा सकता है। इन तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने क्वो वारंटो का रिट जारी करते हुए 66 उप अभियंताओं की नियुक्तियां निरस्त कर दी है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### घर से भगाने के बाद प्रेमी ने प्रेमिका का रेता गला, फिर कर ली खुदखुशी



**कोरबा,** 4 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. बिलासपुर के रहने वाले युवक–युवती ने पहले साथ–जीने मरने की कसमें खाई और अपने–अपने घर से भाग निकले. दोनों बाइक पर सवार होकर कोरबा पहुंचे. लेकिन अचानक दोनों में कुछ ऐसी बात हो गई कि प्रेमी ने चाकू से अपनी प्रेमिका का गला रेत दिया और फिर खुद का भी गला काट लिया. इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, लेकिन युवती ने साहस किया और मौत के मुंह से बाहर निकल आई. जानकारी के अनुसार, बिलासपुर के कश्यप कॉलोनी की रहने वाली निशा उर्फ प्रतीक्षा (22 वर्ष) और बिलासपुर निवासी शुभम नायडू (28 वर्ष) मंगलवार रात अपने–अपने घर से भाग निकले. दोनों बिलासपुर से कोरबा पहुंचे, लेकिन उरगा थाना क्षेत्र के सन्डैल नाला के पास पहुंचकर युवक ने अचानक युवती के गला रेत दिया और उसे मरा हुआ समझकर खुद का गला भी रेत लिया. लेकिन नियती को कुछ और ही मंजूर था. घटना के बाद निशा ने लहूलुहान हालत में अपने परिजनों को वीडियो कॉल किया और अपनी लोकेशन शेयर की.

### एनसीपी विलय पर शरद पवार का फड़नवीश को कड़ा जवाब, आपको इस पर बोलने का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, 4 फरवरी (न्यूज चैनल)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित विलय पर चर्चा अजीत पवार और जयंत पाटिल के बीच हुई थी, न कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ। पवार ने सुनेत्रा पवार के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर भी खुशी व्यक्त की। बारामती में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि मुझे खुशी है कि सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है.




चूहा- सुनती हो, संसद में केवल बहस और हंगामा ही चल रहा है।
चुहिया- हां जी, संसद में अब समाधान कहां केवल बहस ही होती है।

# 21 लाख के इनामी नक्सली सुखराम ने किया सरेंडर

**जगदलपुर,** 4 फरवरी (हाईवे चैनल)। नक्सल मोर्चे पर ओडिशा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से सक्रिय 21 लाख रुपए के इनामी माओवादी सुखराम मरकाम उर्फ योगेश उर्फ सुरेश ने हथियार डाल दिया है। यह आत्मसमर्पण ओडिशा के मलकानगिरी जिले में किया गया, जहां सुरक्षा बलों के सामने माओवादी ने सरेंडर किया। आत्मसमर्पण के दौरान सुखराम मरकाम के पास से एक स्क्रराइफल के साथ विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है।

सुखराम मरकाम माओवादी संगठन में ,ष्टरू रैंक का सक्रिय कैडर बताया जा रहा है। वह वर्ष 2010 से माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार सुखराम कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है। माओवादी सुखराम मरकाम मूल रूप से छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का निवासी है। उसके खिलाफ अलग–अलग राज्यों में गंभीर नक्सली मामले दर्ज थे। लगातार दबाव और सघन ऑपरेशन के चलते माओवादी सुखराम ने आत्मसमर्पण का रास्ता चुना। मलकानगिरी एसपी विनोद पाटिल का कहना है कि यह नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी उपलब्धि है। आत्मसमर्पण से माओवादी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। सुरक्षा बलों को उम्मीद है कि आगे भी अन्य माओवादी मुख्यधारा में लौटेंगे।



रायपुर, 4 फरवरी (हाईवे चैनल) मंत्रालय (महानदी भवन) में साय कैबिनेट की बैठक शुरू हो गई है. बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कर रहे हैं. बैठक में बजट सत्र से पहले कई महत्वपूर्ण पर चर्चा की जाएगी. बैठक के बाद कैबिनेट के लिए गए फैसलों की जानकारी साझा की जाएगी.

# प्रदेश में 5000 शिक्षकीय पदों पर भर्ती को मिली स्वीकृति

**रायपुर,** 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य में शिक्षकीय संसाधनों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। राज्य शासन ने कुल 5000 शिक्षकीय पदों पर नवीन भर्ती की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

स्कूल शिक्षा विभाग के विभागीय आदेश के माध्यम से पूर्व में 4708 शिक्षकीय पदों पर भर्ती की अनुमति प्रदान की गई थी। इसके अतिरिक्त विभागीय प्रस्ताव के अनुरूप 292 सहायक शिक्षकों के नवीन पदों के सृजन की सहमति देते हुए उन पर भी भर्ती की अनुमति प्रदान की गई है। इस प्रकार कुल स्वीकृत पदों की संख्या अब 5000 हो गई है। उक्त भर्ती की अनुमति वित्त विभाग की सहमति के आधार पर प्रदान की गई है। इस निर्णय से राज्य के शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ेगी तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही यह निर्णय शिक्षण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा।

# मेरी यात्रा पूरे देश की अंतरिक्ष यात्रा : शुभांशु शुक्ला



■ गगनयात्री शुभांशु शुक्ला ने बच्चों से किया संवाद

**रायपुर,** 4 फरवरी। जिला प्रशासन रायपुर के प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी के तहत ग्राम राखी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने स्कूली बच्चों के जिज्ञासापूर्ण और रोचक प्रश्नों का सहजता से उत्तर दिया। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत राम–राम छत्तीसगढ़ से की और कहा कि छत्तीसगढ़ का भविष्य नई प्रेरक ऊर्जा से भरा हुआ है। उन्होंने स्मरण करते हुए बताया कि 5 सितंबर 2025 को उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से छत्तीसगढ़ के बच्चों से संवाद किया था। उस दौरान एक बच्चे द्वारा प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए होमवर्क से जुड़ा प्रश्न यह दर्शाता है कि बच्चों के भीतर अपार प्रतिभा, जिज्ञासा और सीखने की तीव्र इच्छा है।

संवाद के दौरान कक्षा नवमीं की छात्रा किरण भास्कर ने चंद्रमा पर कदम रखने वाली भारत की प्रथम नागरिक बनने के अपने सपने को साझा किया। इस पर शुक्ला ने छात्रा के सपने की सराहना करते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करना और सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। अनुशासन और निरंतर प्रयास से किसी भी सपने को साकार किया जा सकता है। कॉमर्स संकाय की छात्रा काजल साहू ने पूछा कि बड़े सपने देखना क्यों जरूरी है? आपकी जर्नी में मेहनत या किस्मत और भगवान का आशीर्वाद किसका ज्यादा योगदान है? जिस पर शुक्ला ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं, किस्मत बनाने के लिए मेहनत बहुत जरूरी है। आपको ज़िन्दगी मौका देती है, बस उसी मौके को अपनी सफलता में बदलने के लिए मेहनत जरूरी है। सुकाजल पहले प्रश्न पूछने में थोड़ा हिचकिचा रही थी शुभांशु शुक्ला ने काजल से लंबी सांस लेकर रिलेक्स होकर सवाल पुछने कहा साथ ही साथ ही काजल ने अपने लिखे प्रश्न को पूछने का प्रयास किया तो शुक्ला ने कहा कि आप अपने मन से इच्छुक सवाल पूंछे जिससे उनके बीच बहुत सुंदर संवाद देखने को मिला।

मैकेनिकल इंजीनियर प्रीति मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़े मानसिक तैयारी के प्रश्न पर शुक्ला ने कहा कि निरंतरता बनाए रखना, मानसिक रूप से मजबूत रहना और विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को संतुलित रखना अत्यंत आवश्यक है।

# वित्तीय धोखाधड़ी मामले में विश्वविद्यालय के कनिष्ठ सलाहकार पर एफआईआर दर्ज

**भिलाईनगर,** 4 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) में पीएचडी शोधार्थियों से शुल्क के नाम पर की गई बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी की है. विश्वविद्यालय प्रशासन की शिकायत पर थाना नेवई पुलिस ने पीएचडी शाखा में पदस्थ कनिष्ठ सलाहकार सुनील कुमार प्रसाद के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी एवं गबन के आरोप में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है. नेवई पुलिस ने बताया कि सीएसवीटीयू के प्रभारी कुलसचिव ने 27 जनवरी के माध्यम से थाना नेवई को कार्रवाई के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था. आवेदन के अवलोकन एवं जांच में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि विश्वविद्यालय के पीएचडी पंजीकृत शोधार्थियों से निर्धारित शुल्क जमा कराने के नाम पर गंभीर अनियमितताएं की गई हैं. विश्वविद्यालय प्रशासन ने गठित दो सदस्यीय जांच समिति की प्रारंभिक जांच में कुल 9 लाख 44 हजार 500 रुपए के गबन की पुष्टि हुई है. जांच में यह भी सामने आया कि पीएचडी शाखा में कार्यरत कनिष्ठ सलाहकार सुनील कुमार प्रसाद ने शोधार्थियों से नकद राशि लेकर उन्हें फर्जी शुल्क रसीदें प्रदान की गई. कुछ मामलों में राशि को उनके निजी बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कराया गया. रिपोर्ट पर नेवई पुलिस ने मामले में 340(2), धारा 316 (2), 336 ( 3 ),338 एवं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत आरोपी सुनील कुमार प्रसाद के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है. मामले की जांच निरीक्षक अनिल साहू के नेतृत्व में की जा रही है. पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान यदि अन्य किसी अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके विरुद्ध भी कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# मंडी में हुई 1547 कट्टा धान की बिक्री, सांभा धान को मिला अधिकतम 2375 का भाव



■ समर्थन मूल्य धान खरीदी का मंडी में रहा असर, खरीदी बंद होने के बाद बढ़ सकती है रौनक

**धमतरी,** 4 फरवरी (हाईवे चैनल)। समर्थन मूल्य पर राज्य सरकार द्वारा लगातार ढाई महीने धान खरीदी की गई जिसके चलते किसान सोसायटियो में अपनी उपज बेचने व्यस्त रहे। अब जब 31 जनवरी से धान खरीदी समाप्त हो गई है। ऐसे में मंडी में धान की आवक फिर से बढ़ने लगी है। हालांकि राज्य सरकार द्वारा दो दिन और धान खरीदी करने का निर्णय लिया गया है। फिर शेष किसान सोसायटी में धान बेचने पहुंचेंगे। जिससे इन दिनो फिर से मंडी की रौनक घट सकती है।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति धमतरी से मिली जानकारी के अनुसार आज मंडी में 1547 कट्टा धान की बिक्री हुई है। हालांकि आवक इससे ज्यादा रही। आज मंडी में आईआर चौसठ धान को न्यूनतम में 2000 मध्यम 2050 व अधिकतम 2100 का भाव मिला। सांभा धान को न्यूनतम में 2350 मध्यम 2360 व अधिकतम 2375 का भाव मिला। गोल्डन सांभा धान को न्यूनतम में 2350 मध्यम 2360 व अधिकतम 2372 का भाव मिला। सरोना धान को न्यूनतम में 2050 मध्यम 2059 व अधिकतम 2069 का भाव मिला। दो फर्मो द्वारा 1547 कट्टा धान खरीदी गया। उक्त भाव को किसानो द्वारा औसत माना जा रहा है। मंडी में आवक कम रहने का प्रभाव हमालो के कामकाज में भी पड़ता है।

**समर्थन मूल्य पर धान बेचने प्राथमिकता फिर शेष धान पहुंचता है मंडी** – बता दे कि राज्य सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से धान किसानों से खरीदा जा रहा है। जिससे ज्यादातर किसान अपना अधिकांश धान शासन को ही बेचने का प्रयास करता है ताकि उन्हें अन्य स्थानों से ज्यादा भाव मिल सके। इसके पश्चात बचे धान को किसान आड़ातियों व मंडी में धान की बिक्री करता है चूंकि इस बार धान का उत्पादन अपेक्षाकृत कम होना बताया जा रहा है ऐसे में धान खरीदी तिथि के समाप्ति के बाद भी मंडी में बम्फर धान की आवक के बजाए मध्यम आवक होने की उम्मीद की जा रही है।

''समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान भी कृषि उपज मंडी में धान की आवक रही हालांकि किसानों की पहली प्राथमिकता शासन को धान बेचना रहता है इससे आवक जरुर घटती है खरीदी की तिथि समाप्ति के पश्चात उत्पादन के अनुसार मंडी में धान की आवक बढ़ सकती है।''
**–सीएल ताडंव, सचिव कृषि उपज मंडी धमतरी**

CMYK